# रणजीत टाइम्स

इंदौर

शुक्रवार, 24 अप्रैल, 2026

वर्ष 02 | अंक 103 कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


# बंगाल में बंपर मतदान

नईदिल्ली (एजेंसी)। लोकतंत्र के महापर्व में गुरुवार 23 अप्रैल को पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में वोट डाले गए। पश्चिम बंगाल में पहले चरण के तहत 152

- **दोपहर 5 बजे तक बंगाल में 90 प्रतिशत तो तमिलनाडु में 82 प्रतिशत मतदान**

सीटों पर मतदान हुआ। सभी पोलिंग बूथों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। वहीं तमिलनाडु में सभी 234 सीटों पर एक ही चरण में वोट डाले जा रहे थे। दोनों राज्यों में प्रमुख राजनीतिक दलों के बीच कड़ी टक्कर है।



प्रशासन ने शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए व्यापक तैयारियां की थी। गुरुवार को बंगाल में पहले चरण के तहत 16 जिलों की 152 सीटों पर वोट पड़े।

देश के दो प्रमुख राज्यों में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान जारी था। दोपहर 5 बजे तक के आंकड़ों के अनुसार, पश्चिम बंगाल में पहले चरण के तहत 89.9 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है, जो भारी उत्साह को दर्शाता है। वहीं, तमिलनाडु की सभी 234 सीटों पर एक साथ हो रहे चुनाव में अब तक 82.4 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। कड़ी सुरक्षा के बीच दोनों राज्यों में मतदाता लंबी कतारों में खड़े अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं।

## बंगाल के कुमारगंज में भाजपा प्रत्याशी सुवेंदु सरकार को दौड़ाकर पीटा

कोलकाता/चेन्नई (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के दक्षिण मिदनापुर में कुमारगंज सीट से भाजपा कैंडिडेट सुवेंदु सरकार पर हमला हुआ है। वीडियो में दिख रहा है कि सुवेंदु हमले से बचने के लिए भाग रहे हैं। उनका सिक्योरिटी गार्ड उनके साथ है। इसके बावजूद भीड़ सुवेंदु को पीटती है। इधर, बर्नपुर के



रहमतनगर इलाके में आसनसोल साउथ सीट से भाजपा उम्मीदवार अग्निमित्रा पॉल की कार पर भी हमला हुआ। इससे गाड़ी के पीछे का शीशा टूट गया। अग्निमित्रा ने बताया कि एक मतदान केंद्र से बाहर निकलते समय उनकी कार पर पत्थर फेंके गए। अग्निमित्रा ने हीरापुर पुलिस स्टेशन जाकर शिकायत दर्ज कराई है। बंगाल में कई अन्य जगहों पर भाजपा और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प की खबरें आ रही हैं।

## बदरीनाथ धाम के कपाट भी खुले

- **जय बदरीविशाल; मंदिर के कपाट खुलते ही गूंजे जयकारे**




देहरादून/ बदरीनाथ (एजेंसी)। बदरीनाथ धाम में गुरुवार सुबह मंदिर के कपाट खुलने के साथ ही भक्ति और उल्लास का अद्भुत नजारा देखने को मिला। बैसाख मास के शुभ अवसर पर पुनर्वसु नक्षत्र और सर्वार्थ सिद्ध योग में ठीक सुबह 6 बजकर 15 मिनट पर श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के द्वार खोले गए। इस दौरान जय बदरीविशाल के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी इस पावन अवसर पर मौजूद थे। कपाट खुलने से पहले निर्धारित परंपराओं का पालन किया गया। तड़के चार बजे भगवान कुबेर जी का दक्षिण द्वार से प्रवेश हुआ, जिसके बाद मंदिर परिसर में धार्मिक गतिविधियां शुरू हुईं।

रावल, धर्माधिकारी और वेदपाठियों ने उद्धव जी के साथ मंदिर में प्रवेश कर विधिवत द्वार पूजन संपन्न कराया। इसके बाद तय समय पर कपाट खोल दिए गए और पूर्वाह्न 11 बजे से गर्भगृह में पूजा-अर्चना आरंभ हुई।

- **सबरीमाला केस, जस्टिस नागरत्ना बोलीं**

# वॉट्सएप यूनिवर्सिटी से जानकारी नहीं चाहिए



नई दिल्ली (एजेंसी)। केरलम के सबरीमाला मंदिर सहित धार्मिक स्थलों में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव से जुड़ी याचिकाओं पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हो रही है। सुनवाई के दौरान जस्टिस बी.वी. नागरत्ना ने कहा कि वॉट्सएप यूनिवर्सिटी से मिली जानकारी को स्वीकार नहीं किया जा सकता। जस्टिस नागरत्ना ने यह टिप्पणी दाउदी बोहरा समुदाय की ओर से पेश हुए सीनियर एडवोकेट नीरज किशन कौल की दलील के जवाब में की थी। कौल ने कहा था कि ज्ञान और समझ, चाहे वह किसी भी सोर्स से मिली हो, उसे स्वीकार करने में कोई बुराई नहीं है। कौल एक अखबार में कांग्रेस सांसद डॉ. शशि थरूर के लिखे लेख का हवाला दे रहे थे।

## सबरीमाला मामले पर 7 अप्रैल से शुरू हुई सुनवाई

सबरीमाला मंदिर मामले पर 7 अप्रैल से सुनवाई शुरू हुई है। पहले 3 दिन, 9 अप्रैल तक सुनवाई हुई। इस दौरान केंद्र सरकार ने महिलाओं की एंट्री के विरोध में दलीलें रखीं। सरकार ने कहा था कि देश के कई देवी मंदिरों में पुरुषों की एंट्री भी बैन है, इसलिए धार्मिक परंपराओं का सम्मान किया जाना चाहिए।

# गेहूं खरीद का कोटा बढ़ाने केंद्र से मांगी मदद

**सीएम यादव बोले- वैश्विक परिस्थितियों के कारण गेहूं एक्सपोर्ट नहीं हो पाया, जूट इम्पोर्ट में भी दिक्कत**

भोपाल (एजेंसी)। मध्य प्रदेश में गेहूं खरीदी को लेकर सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि वैश्विक परिस्थितियों के कारण गेहूं के निर्यात में आई कमी और जूट के आयात में आ रही बाधाओं के बावजूद राज्य सरकार किसानों का एक-एक दाना खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है।

प्रदेश में इस वर्ष डबल हुई पैदावार को देखते हुए मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार से गेहूं उपार्जन का निर्धारित कोटा बढ़ाने की अपील की है, ताकि बंपर उत्पादन का पूरा लाभ किसानों तक पहुंचाया जा सके।



## पिछले साल का गेहूं भंडारों में भरा

मुख्यमंत्री ने इस बात को भी स्वीकार किया कि प्रदेश के गोदामों में पिछले साल का गेहूं अभी भी बड़ी मात्रा में रखा हुआ है, जो कि भंडारण की दृष्टि से एक चुनौती है। इसके बावजूद सरकार खरीदी काम को प्रभावित नहीं होने देगी।

## वैश्विक परिस्थितियों के कारण गेहूं एक्सपोर्ट नहीं हो पा रहा

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में वैश्विक परिदृश्य काफी जटिल है, जिसके कारण भारत से गेहूं का निर्यात लगभग न के बराबर हो रहा है। इसके साथ ही पश्चिम एशिया के युद्ध जैसे हालातों के चलते विदेशों से आने वाले जूट की आपूर्ति भी प्रभावित हुई है। इन विषम परिस्थितियों के बावजूद प्रदेश सरकार ने किसानों का साथ नहीं छोड़ा है और वैकल्पिक तौर पर पॉली बैग्स (पीपी बैग) की व्यवस्था कर गेहूं की खरीदी सुचारू रूप से शुरू कर दी है।

## किसान संगठनों से चर्चा के बाद बनाई खरीद की रणनीति

मुख्यमंत्री ने गेहूं खरीदी को लेकर बताया कि किसान संगठनों के साथ विचार-विमर्श कर यह तय किया गया है कि उपार्जन केंद्रों पर सबसे पहले छोटे किसानों का गेहूं खरीदा जाए। इसके बाद मध्यम श्रेणी के किसानों और फिर बड़े किसानों की फसल खरीदी जाएगी। सरकार ने इस साल गेहूं का समर्थन मूल्य 2585 प्रति क्विंटल निर्धारित किया है, जिस पर 40 प्रति क्विंटल का अतिरिक्त बोनस देकर कुल 2625 की दर से भुगतान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने अपने पिछले कार्यकाल का हवाला देते हुए कहा कि जब एमएसपी 2250 थी, तब भी सरकार ने 150 का बोनस दिया था और पिछले साल रू. 175 बोनस के साथ 2600 में खरीदी की गई थी। उन्होंने विपक्ष और किसानों को आश्वस्त किया कि संकल्प पत्र में किए गए 2700 प्रति क्विंटल के वादे को आगामी तीन वर्षों के भीतर हर हाल में पूरा किया जाएगा।

# PM मोदी के 'बॉस' वाले बयान पर बोले बीजेपी अध्यक्ष नितिन नबीन

भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उन्हें "बॉस" कहना यह दिखाता है कि पार्टी में आपसी सम्मान और अच्छे मूल्य हैं, न कि कोई ऊंच-नीच का सिस्टम। नेटवर्क18 ग्रुप के एडिटर-इन-चीफ राहुल जोशी को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा, "यही हमारी पार्टी की खासियत है," और बताया कि ऐसे शब्द आपसी सम्मान और टीम भावना से आते हैं, न कि किसी खास पद की वजह से।

## नितिन नबीन पार्टी के 'बॉस' हैं

बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी ने इससे पहले नबीन को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी थी। प्रधानमंत्री ने कहा था कि पार्टी के मामलों में नबीन "बॉस" हैं, जबकि वे खुद को पार्टी कार्यकर्ता मानते हैं। पीएम मोदी ने कहा था, "अब नितिन नबीन जी हम सभी के अध्यक्ष हैं। उनकी जिम्मेदारी सिर्फ भाजपा तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसमें एनडीए सहयोगियों के बीच समन्वय मजबूत करना भी शामिल है।" गौरतलब है कि नबीन को जनवरी में पार्टी का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया था,

जिसे इस साल होने वाले महत्वपूर्ण राज्य चुनावों से पहले संगठनात्मक मजबूती और पीढ़ीगत बदलाव पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने का संकेत माना जा रहा है। नितिन नबीन बीजेपी अध्यक्ष पद संभालने वाले सबसे युवा नेता-45 साल की आयु में, नबीन भाजपा अध्यक्ष पद संभालने वाले सबसे युवा नेता और पार्टी के 12वें प्रमुख हैं। वे एक राजनीतिक परिवार से आते हैं, जो दिवंगत वरिष्ठ भाजपा नेता और बिहार के चार बार के विधायक नबीन किशोर प्रसाद सिन्हा के पुत्र हैं। सक्रिय राजनीति में उनका प्रवेश 2006 में अपने पिता के निधन के बाद हुआ, जब उन्होंने पटना पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र से उपचुनाव लड़ा और जीता।

# तिलक लगाना छोड़ो और पूजा बंद करो...

## बाइबल थमाकर बोले; अब तुम ईसाई बन गए, खरगोन में प्रार्थना के बहाने धर्म बदलने का खेल

**खरगोन (नप्र)।** मध्य प्रदेश के खरगोन जिले के भीकनगांव थाना क्षेत्र में कथित रूप से धर्मांतरण कराने के प्रयास का मामला सामने आया है। पुलिस ने एक ग्रामीण की शिकायत के आधार पर चार लोगों के खिलाफ मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम, 2021 के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम बमनाला निवासी बबलू पिता राजेश दागोडे (29 वर्ष) ने शिकायत दर्ज कराई है कि बुधवार दोपहर करीब 12 बजे वह सेल्दा रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास से गुजर रहा था। इसी दौरान उसने राजू बडोले के घर पर काफी भीड़ देखी। जब वह वहां पहुंचा तो उसे घर के अंदर बुलाया गया।

शिकायतकर्ता के अनुसार, अंदर मौजूद लोगों ने उसे ईसा मसीह की प्रार्थना करने के लिए कहा और बताया कि ऐसा करने से वह हमेशा स्वस्थ रहेगा तथा उसकी सभी परेशानियां दूर हो जाएंगी। आरोप है कि उसे अपने पारंपरिक धार्मिक रीति-रिवाज छोड़ने के लिए भी कहा गया। उसे हिंदू देवी-देवताओं की पूजा बंद करने, तिलक न लगाने और अपने धर्म का पालन नहीं करने के लिए कहा गया।



**बाइबल देकर कहा, अब तुम ईसाई बन चुके हो!-** शिकायत में यह भी उल्लेख है कि कुछ देर बाद उसे बाइबल दी गई और कहा गया कि वह अब ईसाई बन चुका है। साथ ही उसे नए धर्म के फायदे बताए गए और यह भरोसा दिलाया गया कि धर्म बदलने के बाद उसे किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### पुलिस ने 4 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की

घटना के बाद शिकायतकर्ता ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही भीकनगांव थाना क्षेत्र की बमनाला पुलिस चौकी ने मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए चार लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। पुलिस के अनुसार, आरोपियों में राजू बडोले निवासी बमनाला, बबलू जमरे निवासी ढसलगांव, पंकज बारिया निवासी झाबुआ और सेतु मेडा निवासी झाबुआ शामिल हैं। सभी के खिलाफ मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम, 2021 की धारा 3 और 5 के तहत मामला दर्ज किया गया है। राजेंद्र अवास्या, चौकी प्रभारी बमनाला ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है और सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है। आवश्यकता पड़ने पर अन्य संबंधित व्यक्तियों से भी पूछताछ की जाएगी। फिलहाल पुलिस साक्ष्य एकत्र करने और मामले की पुष्टि करने में जुटी हुई है

#### आरोपियों से 13 बाइबल लैपटॉप, साउंउ बरामद

पुलिस ने उनके पास से तेरह बाइबल, लैपटॉप, साउंड सिस्टम, प्रोजेक्टर और ईसाई साहित्य बरामद किया है। बमनाला चौकी प्रभारी राजेंद्र अवास्या ने बताया कि चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया,जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# भोपाल में 93. 41 लाख का मुआवजा आदेश

### जिला न्यायालय ने सुनाया फैसला, इफको टोकियो इंश्योरेंस कंपनी को देना होगा हर्जाना

**भोपाल (नप्र)।** भोपाल में सड़क दुर्घटना में फाइनेंस कंपनी में पदस्थ एक युवक की मृत्यु के मामले में प्रधान जिला न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव ने मृतक के परिजनों को 93 लाख 41 हजार रुपए की क्षतिपूर्ति राशि दिए जाने के आदेश जारी किए हैं।

आदेश सड़क दुर्घटना करने वाली मोटरसाइकिल के स्वामी, चालक और एमपी नगर भोपाल को दिए हैं। मृतक के परिजनों की ओर से अधिवक्ता आरके हिंगोरानी और सनी हिंगोरानी द्वारा प्रस्तुत किए गए मृत्यु के दावा मामले की सुनवाई करने के बाद न्यायालय ने यह आदेश पारित किए हैं। अधिवक्ता सनी हिंगोरानी के अनुसार लालघाटी बैरागढ़ भोपाल निवासी 27 वर्षीय राहुल ठाकुर बजाज फाइनेंस कंपनी में पदस्थ थे। 27 अगस्त 2024 को रात्रि 9:30 बजे राहुल अपनी मोटरसाइकिल से बरेली से हरसिली आ रहे थे। इसी दौरान एन.एच 45 ग्राम हरसिली पर पीछे से आ रहे मोटरसाइकिल सवार ने लापरवाही एवं उपेक्षा पूर्वक मोटरसाइकिल चलाते हुए राहुल की मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी थी। मोटरसाइकिल की टक्कर लगने से राहुल ठाकुर गंभीर रूप से चोटिल हो गए थे।

#### पुलिस ने केस दर्ज कर जांच में लिया था

उन्हें तत्काल ही शासकीय अस्पताल बरेली लेकर जाने पर चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया था। पुलिस ने मृतक के परिजनों की शिकायत के आधार पर संबंधित मोटरसाइकिल के चालक, स्वामी और इफको टोकियो इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड एमपी नगर के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना के बाद जिला न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया था।

जिला न्यायालय में मोटरसाइकिल के स्वामी,चालक और इफको टोकियो इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड की ओर से पेश किए गए जवाब में सड़क दुर्घटना के लिए राहुल ठाकुर को ही जवाबदार बताया जाकर उनके परिजनों की ओर से पेश किए गए मृत्यु के मामले को खारिज किए जाने की मांग की गई थी।

# भोपाल में 2 शराब दुकानों का विरोध

### शाहपुरा में स्कूल से 50 मीटर दूर ही ठेका; अरेरा कॉलोनी में मंदिर के पास

**भोपाल (नप्र)।** भोपाल में शराब दुकानों की शिफ्टिंग को लेकर विरोध का दौर जारी है। गुरुवार दोपहर लोगों ने अरेरा कॉलोनी और शाहपुरा में प्रदर्शन किया। शाहपुरा में स्कूल से 50 मीटर की दूरी पर ही ठेका है, जबकि अरेरा कॉलोनी में मंदिर के पास है। यहां बीजेपी पार्षद भी विरोध में मैदान में उतर गईं।

अरेरा कॉलोनी की शराब दुकान का पिछले एक साल से लोग विरोध कर रहे हैं। इसे लेकर मानव अधिकार आयोग में भी शिकायत हो चुकी है। वहीं, आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने निरीक्षण भी किया था। बावजूद ठेका नहीं हटा तो गुरुवार को लोग फिर से प्रदर्शन करने सड़क पर उतर गए। हाथों में बैनर-पोस्टर लेकर उन्होंने जमकर नारेबाजी की।



अरेरा कॉलोनी के रहने वाले कांग्रेस नेता विवेक त्रिपाठी ने बताया, यहां जिस जगह पर शराब दुकान संचालित हो रही है, वह पूरी तरह से आवासीय उपयोग के लिए है, लेकिन वर्तमान में इसका कमर्शियल तरीके से उपयोग हो रहा है, जो पूरी तरह मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम 2012 और नगर निगम अधिनियम 1956 का उल्लंघन है। रहवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही उक्त शराब दुकान को हटाने की कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा तथा उग्र प्रदर्शन के लिए बाध्य होना पड़ेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेता त्रिपाठी, क्षेत्रीय पार्षद शिखा गोहिल, सचिन दास बब्बा,रवि शर्मा, लवनीश भाटी, पूर्णेंदु शुक्ला आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। सभी ने एक स्वर में प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की और सरकार को चेतावनी दी अगर इस अवैध दुकान को जल्द नहीं हटाया गया तो अरेरा कॉलोनी के निवासी दुकान पर ताला बंदी करेंगे।

#### 40 मीटर दूर ही है आर्य समाज मंदिर

रहवासी त्रिपाठी ने बताया कि स्थानीय लोग एक साल से जिला प्रशासन, नगर निगम, आबकारी विभाग और मानव अधिकार आयोग तक शिकायतें दर्ज कर चुके हैं। बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया, यह बेहद चौंकाने वाली बात है कि अधिकारियों ने अपनी जांच रिपोर्ट में शराब दुकान के 40 मीटर की दूरी पर स्थित आर्य समाज मंदिर को मंदिर मानने से ही इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि शराब दुकान के कारण क्षेत्र की शांति, सामाजिक वातावरण और सुरक्षा पर गंभीर असर पड़ा है। प्रतिदिन वहां पर भीड़, वाहनों की आवाजाही, असामाजिक तत्वों का जमावड़ा और शोर-शराबे की स्थिति बनी रहती है। जिससे महिलाओं और बच्चों के लिए आवागमन तक कठिन हो गया है। आवासीय भूखंड पर शराब दुकान चलाना न केवल अवैध है, बल्कि यह भोपाल नगर निगम के मानचित्र और भूमि उपयोग नीति के भी पूरी तरह विपरीत है।

#### शाहपुरा में भी विरोध का दौर

शाहपुरा थाने के बाद गुलमोहर कॉलोनी इलाके में ही शराब की दुकान खोले जाने से स्थानीय रहवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। रहवासियों का आरोप है कि बच्चों के स्कूल से मात्र 50 मीटर की दूरी पर शराब दुकान खोली गई है, जो नियमों का उल्लंघन है। स्थानीय नागरिकों, स्कूल प्रबंधन, अभिभावकों एवं छोटे-छोटे बच्चों ने इस शराब दुकान को बंद कर अन्य स्थान पर शिफ्ट किए जाने की मांग की है। गुरुवार को भगवा पार्टी के नेतृत्व में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया।

#### यहां भी हो रहे प्रदर्शन

- ऋषिपुरम अवधपुरी इलाके में भी लोग पिछले 18 दिन से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।
- कोलार रोड स्थित मंदाकिनी चौराहे पर ठेका शिफ्ट होने का विरोध हो रहा है। रोज शाम को यहां ट्रैफिक जाम की स्थिति भी बनती है।
- सेमराकलां की शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर पिछले एक साल से लोग जनसुनवाई में आवेदन दे चुके हैं। वर्तमान में धरना प्रदर्शन किया जा रहा है।
- ईंटखेड़ी की शराब दुकान को लेकर भी प्रदर्शन हो चुका है।
- प्रोफेसर कॉलोनी में पॉलिटेक्निक चौराहे की दुकान को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भी आंदोलन कर चुकी है।

# बुरहानपुर का 'प्राकृतिक हाट बाजार': कागजों पर सफलता, धरातल पर घोर लापरवाही !

**उपसंचालक के 'दावे' बनाम हकीकत: बुरहानपुर में प्राकृतिक खेती का शोर, बाजार में सन्नाटा एक किसान और कई उत्पाद से कई सवालों का अंबार: बुरहानपुर कृषि विभाग की कार्यप्रणाली पर उठते गंभीर सवाल**

**महेन्द्र मालवीय रणजीत टाईम्स**

बुरहानपुर | जिला प्रशासन द्वारा प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए शुरू किया गया 'प्राकृतिक हाट बाजार' अब सवालों के घेरे में है। विभाग द्वारा जहाँ अखबारों में बड़े-बड़े विज्ञापन और सफलता के दावे किए जा रहे हैं, वहीं जमीनी हकीकत इन दावों के बिल्कुल विपरीत है। सबसे गंभीर बात यह है कि जब इस मामले में उपसंचालक कृषि एम.एस. देवके से सवाल किए गए, तो उनके जवाबों ने विभाग की कार्यप्रणाली पर गहरा संदेह पैदा कर दिया है।

अधिकारी का दावा और हकीकत का सच- जब इस हाट बाजार की अव्यवस्थाओं को लेकर उपसंचालक कृषि एम.एस. देवके से बात की गई, तो उन्होंने दावा किया कि बाजार में 6 से 7 किसान अपने उत्पाद लेकर पहुंचे थे। लेकिन, जब उन्हें अवगत कराया गया कि हाट बाजार शुरू होने के



पूर्व से लेकर अंत तक वहां मौजूद रहने के दौरान केवल एक ही किसान मौजूद था, तो अधिकारी के पास कोई ठोस जवाब नहीं था। उन्होंने अनभिज्ञता जताते हुए कहा, "अच्छा, मुझे तो बताया गया था कि 6-7 किसान आए थे।" यह बयान स्पष्ट करता है कि अधिकारी धरातल पर हो रही गतिविधियों से पूरी तरह अनभिज्ञ हैं या उन्हें गलत रिपोर्ट दी जा रही है।

जैविक का प्रमाण क्या? अधिकारी ने पल्ला झाड़ा-बाजार में एक ही किसान भिंडी, कटहल, हल्दी पाउडर, सूखी मिर्च और तुवर दाल जैसे विभिन्न उत्पाद लेकर बैठा था। एक ही किसान द्वारा इतनी विविधतापूर्ण खेती कैसे संभव है? और सबसे बड़ी बात, इन उत्पादों के 'जैविक' (Organic) होने का क्या प्रमाण है? इन सवालों पर अधिकारी ने सीधे जवाब देने के बजाय पल्ला झाड़ते हुए कहा, "किसानों के खेतों में जाकर देखें।" कृषि विभाग का यह उत्तर उसकी जिम्मेदारी से बचने की प्रवृत्ति को दर्शाता है। क्या विभाग का काम केवल प्रचार करना है, या फिर उपभोक्ताओं को बेचे जा रहे उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करना भी ?

पंजीकृत किसान गायब, क्योंकि 'दम' नहीं- जिले में प्राकृतिक खेती के नाम पर कृषि विभाग में सैकड़ों किसान पंजीकृत हैं, फिर भी हाट बाजार में उनकी उपस्थिति नगण्य है। इस पर उपसंचालक ने स्वीकार किया कि "किसानों को उचित दाम मिलेंगे तो वे आएंगे।" यह बयान खुद विभाग के इस हाट बाजार मॉडल की विफलता को स्वीकार करता है। यदि बाजार किसानों को लाभ नहीं दिला पा रहा है, तो विभाग किस आधार पर इसे सफल बताकर वाहवाही लूटने में लगा है ?

व्यवस्था के नाम पर केवल खानापूर्ति-हाट बाजार की दुर्दशा का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वहाँ न पेयजल की व्यवस्था है, न बैठने का स्थान और न ही स्वच्छता। हाट बाजार से कुछ दूरी पर लगे कचरे के ढेर और समय की पाबंदी का न होना यह साबित करता है कि प्रशासन इसे लेकर कतई गंभीर नहीं है। सरकारी दफ्तरों से जारी प्रेस विज्ञप्तियाँ और जमीनी हकीकत के बीच का यह अंतर एक बड़े घोटाले या प्रशासनिक लापरवाही की ओर इशारा कर रहा है।

पत्रकार का तीखा सवाल: यदि बाजार में केवल एक ही किसान था, तो अधिकारी 6-7 किसानों के आने का दावा किस आधार पर कर रहे थे ? *क्या विभाग के पास पंजीकृत किसानों की सूची केवल सरकारी कागजों तक सीमित है ? *बिना किसी प्रमाणन या टेस्टिंग के आम जनता को 'जैविक' के नाम पर क्या भरोसा दिलाया जा रहा है ? बुरहानपुर का यह 'प्राकृतिक हाट बाजार' केवल सरकारी लीपापोती का उदाहरण बनकर रह गया है। यदि विभाग वास्तव में किसानों और उपभोक्ताओं के हित में काम करना चाहता है, तो उसे दिखावटी पोस्टरबाजी छोड़कर हाट बाजार की व्यवस्था सुधारने और उत्पादों की प्रमाणिकता सुनिश्चित करने पर ध्यान देना होगा। अन्यथा, यह केवल सरकारी बजट की बर्बादी के अलावा कुछ नहीं है।

# संगीत की शाम में समाज सेवा का संगम

**'स्टार बैंड टीम' ने समाजसेवी मदन परमालिया को किया सम्मानित**




इंदौर। शहर के स्टार बैंड द्वारा जाल सभागृह' में आयोजित भव्य संगीत कार्यक्रम 'सारा जमाना हसीनों का दीवाना' बड़ी धूमधाम से संपन्न हुआ। विजनरी ऑर्गनाइजर और प्रसिद्ध सैक्सोफोन वादक मनीषा यादव के नेतृत्व में आयोजित इस शाम ने न केवल संगीत प्रेमियों का दिल जीता, बल्कि समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को भी एक मंच पर लाया। कार्यक्रम के दौरान समूह द्वारा इंदौर के प्रसिद्ध समाजसेवी मदन परमालिया जी का विशेष सम्मान किया गया। उन्हें समाज के प्रति उनके निस्वार्थ योगदान और समर्पण के लिए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। बैंड की मुख्य कलाकार मनीषा यादव ने अपने सैक्सोफोन की धुनों से समां बांध दिया। उनके साथ 'द बैंड एनसेंबल' के कलाकारों ने बेहतरीन जुगलबंदी पेश की। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में इन्दु जैन मौजूद रहीं। साथ ही विशिष्ट अतिथियों में डॉ. मुक्ता रॉय (संयुक्त सचिव, प्रदेश महिला कांग्रेस), चिन्तन बाकिवाला, उमेश सिंघानिया और 'विज़ी विंग्स' के संस्थापक डॉ. अंशुल जैन व श्रेया अनसाने उपस्थित थे। कार्यक्रम की एंकर मिनी राजपाल ने मंच का संचालन करते हुए बताया कि 'स्टार बैंड टीम' का उद्देश्य केवल मनोरंजन करना ही नहीं, बल्कि समाज के नायकों को पहचान देना भी है। समाजसेवी मदन परमालिया जी के सम्मान ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ा दिया। इस अवसर पर अशोक जैन, दीपक जाजोदिया, और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मनीषा यादव ने सभी अतिथियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# महू-अकोला रेल परियोजना: अमुल्ला खुर्द से तुकईथड़ तक सीआरएस ट्रायल सफल, 135 किमी/घंटा की रफ्तार से दौड़ी ट्रेन

**महेन्द्र मालवीय रणजीत टाईम्स**

बुरहानपुर/तुकईथड़ महू-अकोला रेल मार्ग के ब्रॉड गेज कन्वर्जन का कार्य एक और महत्वपूर्ण पड़ाव पार कर गया है। गुरुवार, 23 अप्रैल 2026 को अमुल्ला खुर्द से ग्राम तुकईथड़ तक नवनिर्मित ट्रैक पर सीआरएस (कमिश्नर ऑफ रेलवे सेफ्टी) ट्रायल सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस सफल परीक्षण के बाद क्षेत्रवासियों में रेल सेवा जल्द शुरू होने की उम्मीद जगी है।



135 किमी/घंटा की गति से हुआ ट्रायल-पिछले आठ दिनों से चल रही तैयारियों के बाद हुए इस ट्रायल में ट्रेन को 135 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ाया गया। परीक्षण के दौरान तुकईथड़, रत्नापुर और अमुल्ला खुर्द रेलवे स्टेशनों को विशेष रूप से सजाया गया था। रेलवे ट्रैक के निर्माण में जुटे अधिकारियों, कर्मचारियों और ठेकेदारों में इस सफलता को लेकर भारी उत्साह देखा गया।

अधिकारी और प्रशासनिक मौजूदगी-इस महत्वपूर्ण ट्रायल के दौरान नांदेड़ डिवीजन के डीआरएम संदीप पाण्डेय, सीआरएस अधिकारी सहित सेंट्रल रेलवे और पश्चिम रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों की मौजूदगी ने इस खंड के पूर्ण होने की गंभीरता को दर्शाया।

क्या बोले डीआरएम ?

ट्रायल के बाद नांदेड़ डिवीजन के डीआरएम संदीप पाण्डेय ने बताया कि अमुल्ला खुर्द से तुकईथड़ तक का सीआरएस ट्रायल सफल रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि निरीक्षण के दौरान कुछ छोटी-मोटी कमियां पाई गई हैं, जिन्हें दूर करने के निर्देश दिए गए हैं। हालाँकि, जब रेल सेवा शुरू होने की समय सीमा के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि फिलहाल यह कहना जल्दबाजी होगी कि नियमित ट्रेनें कब से चलेंगी। दशकों से चला आ रहा इंतज़ार-गौरतलब है कि महू-अकोला रूट जो 31 दिसंबर 2016 तक मीटर गेज लाइन थी, उसके ब्रॉड गेज में परिवर्तन का कार्य पिछले करीब 10 वर्षों से चल रहा है। इस सफल ट्रायल के बाद अब क्षेत्र के निवासियों की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि क्या रेलवे प्रशासन जल्द ही इस रूट पर ट्रेनों का संचालन शुरू करेगा, या फिर यात्रियों को अभी और लंबा इंतजार करना पड़ेगा।

रणजीत टाइम्स
इंदौर, शुक्रवार 24 अप्रैल 2026



# आधुनिक काल में सत्य की खोज का एक सुंदर आयाम है सहजयोग

बदलाव उन्नति को दर्शाता है, जिस प्रकार समय के साथ- साथ मानव जीवन-शैली में बदलाव आया है उसी प्रकार समय के साथ- साथ प्रकृति को भी बदलाव करने पड़ते हैं। धरती पर अवतरित हुए सभी अवतरणों ने इस बदलाव की आवश्यकता को अपने-अपने तरीकों से एवं समय जिस प्रकार के तरीकों की मांग करता है उन तरीकों से मनुष्य को सही पथ पे चलने के लिए प्रेरित किया है।सभी के तरीके भले ही भिन्न थे परंतु संदेश एक ही था। इसी विषय पर पर प्रकाश डालते हुए सहजयोग की संस्थापिका श्री माता जी निर्मला देवी जी कहते हैं कि आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है सहजयोग। श्री माता जी साधकों को संबोधित करते हुए समझाते हैं कि प्राचीन काल से चले आ रहे हठयोग, राजयोग आदि उस प्राचीन समय की आवश्यकता थे पर क्योंकि अब मानव विकसित होने की चरम सीमा पर है तो उसे इस बदलाव से



मित्रता कर आधुनिक समय की मांग को समझ कर खुद पर कार्य करना होगा, स्वयं को समझना होगा। जो शुद्धता मानव प्राचीन काल में अपने घरों से एवं संबंधियों से दूर रह कर कड़ी तपस्या करने से प्राप्त करता था ताकि वह परमात्मा के प्रेम शक्ति की अनुभूति कर सके, आज के समय में वह शुद्धता, चैतन्य की सतर्कता एवं परमात्मा की प्रेम शक्ति को कुंडलिनी जागरण की सहायता से क्षण भर में अपने सूक्ष्म तंत्र पर महसूस कर सकता है।

कुंडलिनी जागरण श्री माता जी के द्वारा दी गई मानवता को एक ऐसी भेंट है जिसने मानव की सत्य-खोज को एक सुंदर आयाम प्रदान किया है। आज के समय विश्व भर में फैला हुआ सहजयोग करोड़ों में सत्य के साधकों द्वारा अपनाया गया है एवं उन सभी ने इस सुंदर अनुभव को अपने अंदर एक सुंदर बदलाव के रूप में देखा है। सहजयोग का प्रथम चरण ही कुंडलिनी जागरण है, जिसकी सहायता से मनुष्य का संबंध परमात्मा की सर्वव्यापी प्रेम शक्ति से हो जाता है और वह सुंदर प्रेम से प्लावित हो जाता है। सभी पौराणिक ग्रंथों में कुंडलिनी जागरण एवं सहजयोग की परिभाषा का वर्णन किया गया है। यदि मनुष्य ही निर्वाज्य प्रेम से भर जाएगा तो विश्व में हो रही धन और सत्ता की अंधी लड़ाई को खत्म कर केवल आपसी प्रेम की भावना रखेगा और इसी प्रकार पूरा विश्व हर भेदभाव को भुलाकर एक हो जाएगा। यही सपना श्री माता जी ने अपनी आँखों में लिए विश्व भर में यात्राएं की और साधकों की कुंडलिनी जागृत की तथा उसी प्रेम के धागे से सभी सहजयोगियों को बांध एक सुंदर विश्व स्थापित करने का संदेश मनुष्य को दिया। यदि आप भी कुंडलिनी जागरण का अनुभव. करना चाहते है या फिर सहजयोग के बारे में अधिक जानकारी टॉल फ्री नम्बर 1800 2700 800 अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं। सहजयोग पूर्णतया निःशुल्क है।

# समस्या का त्वरित समाधान

इंदौर विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 48 के बड़ी गवलटोली क्षेत्र में नर्मदा लाइन से गंदे पानी आने की सूचना मिलने पर कांग्रेस के वार्ड अध्यक्ष अमरदीप सिलावट, साथी मदन यादव, बसंत वर्मा व लेखराज बौरासी ने तुरंत मामले की जानकारी इंदौर शहर अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे जी को दी। मामले की गंभीरता को समझते हुए चिंटू चौकसे जी ने तत्काल निगम इंजीनियर तुषार सोलंकी को फोन पर पेयजल की समस्या को शीघ्र सुधारने के निर्देश दिए। निर्देश मिलते ही निगम इंजीनियर ने तुरंत कार्रवाई करते हुए जानकारी जुटाई और अगले ही दिन सुबह पेयजल लाइन में सुधार कर समस्या का समाधान कर दिया। समय रहते की गई इस कार्रवाई से दूषित



जल से होने वाले संभावित नुकसान तथा भगीरथपुरा जैसी घटना की पुनरावृत्ति को रोका जा सका। समस्या का त्वरित समाधान होने पर क्षेत्र के रहवासियों ने निगम इंजीनियर का माला पहनाकर आभार व्यक्त किया और प्रशासन के प्रति संतोष जताया।

# विद्युत मंडल की लापरवाही आई सामन

शाजापुर जिले के ग्राम बोलाई में विद्युत मंडल की लापरवाही आई सामने लाइन फाल्ट होने के कारण 4 किलोमीटर एरिया में लगी भीषण आग जिसमें कई किसानों का सामान जल कर राख हो गया आलू डोरी पाइप स्टाटर भूसा पेड़ पौधों आग इतनी भीषण थी कि गर्मी तेज होने के कारण किसानों को संभालने का मौका भी नहीं दिया जहां तक कुछ किसानों का कहना है कि के लाइन फाल्ट होने के कारण यह हमारा नुकसान हुआ है जिस प्रकार से विद्युत मंडल अपनी मनमानी करने पर लगा हुआ है जब चाहे जब किसानों से बिना पूछे शिफ्ट चेंज करना जब चाहे जब कटौती करना मेंटेनेंस के नाम पर लाइन बंद रखना आग का तांडव खड़खड़ी के जंगल में करीबन 5 घंटे तक चलता रहा जहां तक विद्युत मंडल अपनी गलती छुपा रहा है जबकि किसानों का कहना है कि जब से जंगल में लाइट आई है तकरीबन 30 वर्ष पहले जब से आज तक विद्युत मंडल के द्वारा कोई कार्य सुधार नहीं किया गया सरकार एक तरफ जहां बड़े-बड़े दावे करती है सबका साथ सबका विकास लेकिन इसमें किसान का विकास तो कहीं दिख नहीं रहा चारों तरफ भ्रष्टाचार क्या यही है किसानों कि सरकार मंडी में किसान बेहाल जंगल में किसान बेहाल ना अधिकारी सुनने को तैयार न भाजपा के नेता सुनने को तैयार जबकि आग लगने का कारण ही विद्युत मंडल के लोग जिम्मेदार हैं जब हमने गुलाना विद्युत मंडल के सुपरवाइजर साहब से चर्चा की तो वह भी टाल मटोल करते नजर आए इसके बाद जब हमने जिले के उच्च अधिकारी से चर्चा की तो ऐसी में बैठने वाले साहब विद्युत मंडल की गलती मानने को तैयार ही नहीं है सारी गलती किसानों की बढ़कर वसूली पर आ गए और सारा ठीकरा किसानों पर फोड ते नजर आए ना प्रशासन सुनने को तैयार ना नेता सुनने को तैयार आखिर किसान अपनी मजबूरी किसको बताएं कब तक चलेगी प्रशासन एवं शासन की दादागिरी।

# अखबार बांटने निकला युवक सड़क हादसे का शिकार 8 दिन बाद भी नहीं दर्ज हुआ एफ आई आर

बिलासपुर सुबह-सुबह साइकिल पर अखबार बांटने निकला 21 वसीय विकास दास अपने परिवार का सहारा बने निकला था लेकिन एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी जिंदगी छीन ली। हादसे के आठ दिन भी बाद एफ आई आर नहीं होने से पुलिस की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं?

## रतनपुर थाने क्षेत्र के ग्राम

मोहतरोई निवासी विकास 14 अप्रैल की सुबह नेशनल हाईवे 130 पर अखबार बांट रहा था तभी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

## थानों के चक्कर में भटकते रहे परिजन

हादसे के बाद इंसाफ के लिए भटकते रहे परिजन। पहले कोनी थाना और फिर रतनपुर थाना भेजे जाने के कारण मामला सीमा विवाद उलझा रहा परिजनो को खुद फोटो और लोकेशन के आधार पर घटनास्थल साबित करना पड़ा।




## परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

विकास तीन भाइयों में सबसे बड़ा था और पिता के साथ परिवार की जिम्मेदारी संभाल रहा था 6 महीना पहले ही काम शुरू किया था उसकी मौत के बाद परिवार आर्थिक और मानसिक संकट में है।

## पुलिस की सफाई

केस डायरी रतनपुर थाने में पहुंच गई है और जांच शुरू हो गई है सीसी फुटेज खंगाल जा रहे हैं जिसमें एक कबीर नमक बस संदिग्ध नजर आई है पर्याप्त सबूत जुटाना के बाद नामजद एफ आई आर दर्ज की जाएगी।

दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर
एजेंसी देना है
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

# भूमि अधिग्रहण मुआवजा 4 गुना करने का फैसला, इंदौर में भाजपा ने बताया ऐतिहासिक

## ● विधायक प्रीतम लोधी के बयान पर सख्त रुख, शो-कॉज नोटिस जारी

**इंदौर।** मध्यप्रदेश सरकार ने किसानों के हित में बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में भूमि अधिग्रहण पर मुआवजा दोगुना से बढ़ाकर 4 गुना करने का निर्णय लिया गया है। इस फैसले को लेकर इंदौर में भाजपा नेताओं ने इसे ऐतिहासिक बताते हुए स्वागत किया, वहीं दूसरी ओर भाजपा विधायक प्रीतम लोधी के विवादित बयान पर भी पार्टी ने सख्त रुख अपनाया है।दरअसल, कैबिनेट बैठक में किसानों को बड़ी राहत देते हुए भूमि अधिग्रहण के मुआवजे को 2 गुना से बढ़ाकर 4 गुना करने का फैसला लिया गया है। सरकार का मानना है कि विकास कार्यों के दौरान बाजार मूल्य अधिक होने के कारण किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता था, जिसे अब इस फैसले से दूर किया जाएगा।भाजपा नेताओं ने किया फैसले का स्वागत इसी फैसले को लेकर इंदौर में पूर्व मंत्री एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ऊषा ठाकुर और भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवण चावड़ा ने मीडिया से चर्चा की।



उन्होंने सरकार के इस निर्णय को ऐतिहासिक बताते हुए किसानों के हित में बड़ा कदम बताया। साथ ही कहा कि भाजपा पूरे जिले में उन स्थानों पर जश्न मनाएगी, जहां भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है।प्रीतम लोधी के बयान पर सख्ती मीडिया से बातचीत के दौरान ऊषा ठाकुर ने भाजपा विधायक प्रीतम लोधी के विवादित बयान पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि पार्टी इस मामले में पूरी तरह सख्त है और प्रीतम लोधी को शो-कॉज नोटिस जारी कर 3 दिन में जवाब मांगा गया है। गौरतलब है कि विधायक लोधी ने एसडीओपी आयुष जाखड़ को लेकर विवादित बयान दिया था, जिसके बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने पत्र जारी कर उनसे जवाब तलब किया है। ऊषा ठाकुर ने स्पष्ट कहा कि पार्टी अनुशासन के मामले में कोई समझौता नहीं करेगी और उचित कार्रवाई की जाएगी।आदिवासी महिला से मारपीट मामले में भी सख्ती वहीं, मानपुर थाना क्षेत्र में एक आदिवासी महिला को उसके पति द्वारा अर्धनग्न कर मारपीट करने के मामले में भी ऊषा ठाकुर ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि शासन इस मामले में सख्त है और इस तरह की घटनाओं में पहले भी कठोर कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि बावजूद इसके कुछ लोग ऐसे निंदनीय कृत्य कर रहे हैं, जिनके खिलाफ शासन द्वारा कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

# लेंसकार्ट शोरूम पर हिंदू फेडरेशन का हंगामा, चश्मे तोड़े; बहिष्कार का ऐलान




**इंदौर।** विजयनगर क्षेत्र के स्कीम-54 स्थित लेंसकार्ट शोरूम के बाहर गुरुवार को हिंदू संगठनों द्वारा जमकर हंगामा किया गया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए, जिनमें महिलाएं भी मौजूद रहीं। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने महिला कर्मचारियों को तिलक लगाकर उन्हें अपने धार्मिक प्रतीकों के साथ निर्भीक होकर काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। दरअसल, लेंसकार्ट की ड्रेस कोड नीति को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। इसी मुद्दे को लेकर वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन मध्य प्रदेश ने इंदौर में कंपनी के शोरूम के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए, जिससे आसपास के रहवासी भी स्थिति को लेकर असमंजस में रहे और काफी देर तक क्षेत्र में गहमागहमी का माहौल बना रहा।

**चश्मे तोड़कर जताया विरोध-** प्रदर्शन के दौरान कुछ कार्यकर्ताओं ने लेंसकार्ट के चश्मों का बहिष्कार करते हुए उन्हें तोड़कर विरोध दर्ज कराया। कार्यक्रम में सिद्धेश्वर धाम के पीठाधीश्वर स्वामी अतुल आनंद महाराज भी मौजूद रहे।

**धार्मिक भेदभाव का आरोप-** संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने आरोप लगाया कि कंपनी की आंतरिक नीति में कर्मचारियों को बिंदी, तिलक और कलावा जैसे हिंदू धार्मिक प्रतीकों के उपयोग पर रोक लगाई गई है, जबकि हिजाब को अनुमति दी गई है। उन्होंने इसे धार्मिक भेदभाव बताते हुए कड़ा विरोध जताया। संजय अग्रवाल ने कहा कि यदि एक धर्म के प्रतीकों को अनुमति दी जा सकती है, तो अन्य धर्मों के प्रतीकों पर रोक लगाना उचित नहीं है। उन्होंने गुरुवार को इंदौर के सभी लेंसकार्ट शोरूम पर प्रदर्शन और पूरे मध्य प्रदेश में कंपनी के उत्पादों के बहिष्कार की घोषणा की।

**कंपनी की सफाई-**देशभर में विवाद बढ़ने के बाद कंपनी के संस्थापक व सीईओ पीयूष बंसल ने सफाई देते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल दस्तावेज पुराना है और वर्तमान नीति में किसी भी धार्मिक प्रतीक पर कोई प्रतिबंध नहीं है। कंपनी ने नई स्टाइल गाइड जारी कर स्पष्ट किया कि बिंदी, तिलक, सिंदूर, कलावा, मंगलसूत्र, हिजाब और पगड़ी सहित सभी धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रतीकों की अनुमति है। साथ ही कंपनी ने उत्पन्न भ्रम के लिए खेद भी व्यक्त किया।

# इंदौर में 5 हजार नए फ्लैटों को मंजूरी, हितग्राहियों का चयन शुरू होने की तैयारी

**इंदौर।** शहर में किफायती आवास के सपने को साकार करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत प्रस्तावित 10 हजार फ्लैटों में से 5 हजार फ्लैटों की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) को मंजूरी मिल गई है। इसके साथ ही अब निर्माण कार्य और हितग्राहियों के चयन की प्रक्रिया तेज होने जा रही है।

**दो प्रमुख स्थानों पर होंगे निर्माण-** मंजूर किए गए 5 हजार फ्लैटों का निर्माण सिंधीदा और सनबाड़िया क्षेत्र में किया जाएगा। बहुमंजिला आवासीय इमारतों के निर्माण के लिए टाउन एंड प्लानिंग, रेरा, बिल्डिंग परमिशन शाखा और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित अन्य विभागों से अनुमति लेने की प्रक्रिया जारी है। जैसे ही सभी स्वीकृतियां मिलेंगी, टेंडर जारी कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

**सस्ते आवास पर फोकस-** सरकार का उद्देश्य है कि हर परिवार के पास खुद का घर हो और मकानों की कीमत भी आम लोगों की पहुंच में रहे। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए यह योजना चलाई जा रही है, जिससे खासतौर पर गरीब और मध्यम वर्ग को राहत मिले।

**पहले चरण में मिला अच्छा प्रतिसाद-** योजना के पहले चरण में शहर और आसपास के 13 स्थानों पर 18,606 फ्लैट बनाए गए थे। इनमें से 17,086 फ्लैट बिक चुके हैं, जबकि 1,520 फ्लैट रेरा रजिस्ट्रेशन में अटके होने के कारण फिलहाल उनकी बुकिंग बंद है।

**इन क्षेत्रों में हो चुका है निर्माण-** पहले चरण में अहिल्या परिसर भूरी टेकरी, नर्मदा परिसर गोयलगीरी, शिवशक्ति परिसर देवनगर एक्स, कावेरी परिसर पालदा, नीलगीरी परिसर पाल्याकलां, पलाश परिसर (बिचौली हप्सी), कंचन परिसर (ओमेक्स सिटी), गुलमर्ग परिसर कनाड़िया, शनि परिसर सिंधीदा, लाइट हाउस कनाड़िया और निप्रा परिसर सुपर कॉरिडोर जैसे क्षेत्रों में फ्लैट बनाए गए थे।

**आगे की राह-** अधिकारियों के अनुसार, शेष 5 हजार फ्लैटों की डीपीआर भी जल्द मंजूर होने की उम्मीद है। मंजूरी मिलते ही शहर में बड़े पैमाने पर किफायती आवास निर्माण का काम शुरू होगा, जिससे हजारों परिवारों का घर का सपना पूरा हो सकेगा।

## स्वनिधि योजना 2.0 में इंदौर देश में अव्वल, 33 हजार से अधिक स्ट्रीट वेंडर्स को मिला ऋण

**इंदौर।** स्वच्छता में देश का सिरमौर इंदौर अब आजीविका के क्षेत्र में भी नया इतिहास रच रहा है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना 2.0 के सफल क्रियान्वयन में इंदौर नगर निगम ने देशभर में पहला स्थान हासिल किया है। शहर में अब तक 33 हजार 294 स्ट्रीट वेंडर्स को ऋण वितरित कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया गया है। इस उपलब्धि के साथ इंदौर ने अपने लक्ष्य को पार करते हुए बेंगलुरु और ग्रेटर मुंबई जैसे बड़े शहरों को भी पीछे छोड़ दिया है। इंदौर नगर निगम द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत लगातार बेहतर प्रदर्शन किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों को बिना गारंटी के कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराई जाती है, जिससे वे अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा सकें। नगर निगम ने लक्ष्य के विरुद्ध 51 हजार से अधिक प्रकरण बैंकों को भेजे, जिनमें से 33 हजार 294 हितग्राहियों को ऋण वितरित किया गया।

## अहिल्या माता के जन्मोत्सव पर चार मातृशक्तियों का होगा गौरव सम्मान

**इंदौर।** अहिल्याबाई होलकर के 301वें जन्मोत्सव को इस वर्ष शहर में भव्य रूप से मनाने की तैयारी की गई है। देवी श्री अहिल्या जन्मउत्सव समिति द्वारा 28 मई से 31 मई तक चार दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी, जिसमें धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का समावेश रहेगा। समिति के मानवेन्द्र त्रिवेदी ने बताया कि इस अवसर पर चार मातृशक्तियों को 'देवी श्री अहिल्या गौरव सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं का भी सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत 28 मई को शाम 6:30 बजे राजवाड़ा स्थित होलकर परिसर में मंगल सावधान के साथ होगी। इस दौरान 1,111 कन्याओं द्वारा भजन-कीर्तन, अभिवादन एवं दीप प्रज्वलन किया जाएगा, जिससे आयोजन को विशेष आध्यात्मिक स्वरूप मिलेगा। चार दिवसीय आयोजन के दौरान विद्यार्थियों के लिए निबंधात्मक प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी, जिनमें उच्च माध्यमिक एवं महाविद्यालयीन स्तर के प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। 31 मई को सुबह 7 बजे राजवाड़ा स्थित अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। इसके पश्चात करीब 200 भजन मंडलियां और नृत्य दल प्रस्तुति देकर माँ अहिल्या को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

# खुदाई से चरमराया ट्रैफिक, चाणक्यपुरी चौराहा बना जाम का हॉटस्पॉट

**इंदौर।** शहर के चाणक्यपुरी चौराहे पर नर्मदा और अवंतिका गैस पाइपलाइन डालने के लिए की गई सड़क खुदाई ने ट्रैफिक व्यवस्था को पूरी तरह पटरी से उतार दिया है। पिछले 15 दिनों से यहां रोजाना जाम लग रहा है, गुरुवार सुबह हालात इतने बिगड़े कि वाहन चालक एक से डेढ़ घंटे तक फंसे रहे। जाम का असर आम लोगों के साथ स्कूली बच्चों पर भी पड़ा। कई स्कूल बसें देरी से पहुंचीं, जबकि ई-रिक्शा और दोपहिया वाहन बीच सड़क पर उलझते नजर आए। सूचना मिलते ही जोन-4 डीसीपी आनंद कल्यादगी, एसीपी



शिवेंद्र जोशी और ट्रैफिक अमला मौके पर पहुंचा। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद जाम खुलवाया गया। पुलिस ने ठेकेदार से खुदाई की अनुमति को लेकर जवाब तलब किया है। अन्नपूर्णा थाना पुलिस ठेकेदार को साथ ले गई और दस्तावेजों की जांच कर रही है। एडिशनल डीसीपी संतोष कौल ने साफ कहा है कि बिना अनुमति खुदाई पाए जाने पर संबंधित एजेंसी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। जाम का दायरा राजेंद्र नगर ब्रिज से तालाब क्षेत्र तक और केसरबाग ब्रिज से गोपुर चौराहे तक फैल गया। अन्नपूर्णा रोड पर कई जगह सड़क खुदी हुई है और गणेश मंदिर के पास बीच सड़क बड़ा गड्ढा हादसों को न्योता दे रहा है। सबसे बड़ी लापरवाही यह रही कि काम के दौरान न तो ट्रैफिक डायवर्जन किया गया और न ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था बनाई गई। जबकि ट्रैफिक पुलिस पहले ही अवंतिका गैस कंपनी को चेतावनी दे चुकी थी। पीक आवर में बढ़ते दबाव के बीच यह अव्यवस्था शहरवासियों के लिए रोज की परेशानी बन चुकी है।

# वैभव ने फिर रचा इतिहास

## सबसे तेज 500 रन आईपीएल में बनाए

### जडेजा 17वीं बार प्लेयर ऑफ द मैच, जोफ्रा राजस्थान के हाईएस्ट विकेट टेकर

लखनऊ (एजेंसी)। राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल 2026 के 32वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को 40 रन से हरा दिया। इकाना स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी ने सबसे तेज 500 आईपीएल रन पूरे करने का कारनामा किया। रवींद्र जडेजा ने 17वीं बार प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीत लिया। वहीं गेंदबाजी में जोफ्रा आर्चर राजस्थान के लिए आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए।






### मैच से पहले कार्टून देखते हैं वैभव

भारतीय क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी हर बार मैच खेलने से पहले कार्टून देखते हैं। इस बात का खुलासा उन्होंने खुद किया है। बुधवार को राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपरजाइंट्स के बीच मुकाबला खेला गया था, जिसमें वैभव की टीम आरआर ने जीत हासिल की। इस दौरान जब उनसे सवाल किया गया तो उन्होंने भोजपुरी में जवाब देते हुए कहा कि, सबके प्लान ईहे बा कि अगला मैच में अच्छा करे के बा, जीत के 2 पॉइंट ली, प्लेऑफ के तरफ बढ़ी।वैभव ने इस मैच में रिकॉर्ड भी बनाए हैं। उन्होंने अपने आईपीएल करियर में 500 रन पूरे कर लिए हैं। वे लीग में सबसे कम गेंदों में यह मुकाम हासिल करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। वैभव ने सिर्फ 227 गेंदों पर 500 रन बनाए हैं। उन्होंने ग्लेन मैक्सवेल का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 260 गेंदों में अपने पहले 500 रन पूरे किए थे। हालांकि, इस मैच में वैभव 11 गेंदों पर सिर्फ 8 रन ही बना सके।

### जडेजा ने 17वीं बार जीता प्लेयर ऑफ द मैच

रवींद्र जडेजा ने आईपीएल में 17वीं बार प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड अपने नाम किया। खास बात यह है कि 75 मैचों के बाद पहली बार उन्होंने ष्टस्च्र के अलावा किसी दूसरी टीम के लिए यह अवॉर्ड जीता।इससे पहले उनके 16 पीओटीएम अवॉर्ड चेन्नई के लिए आए थे। भारतीय खिलाड़ियों में उनसे आगे सिर्फ रोहित शर्मा (21), विराट कोहली (19) और एमएस धोनी (18) हैं।

# ओलिंपिक 2028 में क्रिकेट मुकाबले पोमोना में खेले जाएंगे



### ● स्टेडियम का काम शुरू, 6 टीमें और टी-20 फॉर्मेट में होंगे मुकाबले

**लॉस एंजिल्स (एजेंसी)।** साल 2028 में होने वाले लॉस एंजिल्स ओलिंपिक के लिए क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण आधिकारिक तौर पर शुरू हो गया है। कैलिफोर्निया के पोमोना में बुधवार को हुए भूमि पूजन के साथ ही क्रिकेट की 128 साल बाद ओलिंपिक में वापसी की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है।

### पोमोना में खेले जाएंगे मैच

सभी मुकाबले लॉस एंजिल्स से लगभग 50 किलोमीटर दूर पोमोना स्थित फेयरग्राउंड्स मैदान पर खेले जाएंगे। ओलिंपिक में क्रिकेट मैच 12 जुलाई से 29 जुलाई 2028 तक आयोजित होंगे।

### एक बार हुआ है ओलिंपिक में क्रिकेट

साल 1900 में पेरिस ओलिंपिक में क्रिकेट को शामिल किया गया था। इसके बाद क्रिकेट को ओलंपिक्स में नहीं लिया गया। पेरिस ओलंपिक्स के क्रिकेट इवेंट में सिर्फ दो टीमों इंग्लैंड और फ्रांस ने हिस्सा लिया था। इसमें इंग्लैंड ने गोल्ड और फ्रांस ने सिल्वर जीता था।1900 में पेरिस ओलिंपिक में क्रिकेट का एक ही मैच खेला गया।

### क्रिकेट के लिए ऐतिहासिक मील का पत्थर

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के चेयरमैन जय शाह ने इस अवसर को खेल के लिए एक बड़ा मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि क्रिकेट वैश्विक खेल बनने की दिशा में बड़ी छलांग लगा रहा है। ओलिंपिक का हिस्सा बनना गर्व की बात है और हमें विश्वास है कि यह वेन्यू खेलों के दौरान केंद्र बिंदु बनेगा और अमेरिका में क्रिकेट की एक स्थायी विरासत छोड़कर जाएगा।

# राजस्थान के नांद्रे बर्गर पर जुर्माना

### मैच फीस का 10 प्रतिशत कटेगा, एक डिमेरिट पॉइंट मिला; लखनऊ के खिलाफ कोड ऑफ कंडक्ट का उल्लंघन

**इकाना (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 के 32वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर को आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट तोड़ने का दोषी पाया गया है। इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच में उनके व्यवहार पर मैच रेफरी ने 10त्न मैच फीस का जुर्माना लगाया है। साथ ही उनके रिकॉर्ड में एक डिमेरिट पॉइंट जोड़ा गया है।हालांकि किस खिलाड़ी के साथ गलत व्यवहार हुआ, इसका बीसीसीआई ने उल्लेख नहीं किया है।

**● आर्टिकल 2.5 के उल्लंघन का दोषी पाया गया -** साउथ अफ्रीकी गेंदबाज नांद्रे बर्गर को आईपीएल आचार संहिता के लेवल-1 अपराध का दोषी माना गया है। उन पर आर्टिकल 2.5 के तहत कार्रवाई की गई है। यह आर्टिकल ऐसे मामलों में लागू होता है, जब खिलाड़ी मैदान पर भाषा, एक्शन या इशारों से दूसरे खिलाड़ी का अपमान करे या उसे उकसाए।

# बुखार और दर्द की ये 7 दवाएं आपके लिवर-किडनी के लिए हो सकती हैं जहरीली, राजस्थान में लगा बैन

राजस्थान में दवाइयों की शुद्धता को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने एक बहुत बड़ा कदम उठाया है। कमिश्नरेट ऑफ फूड सेफ्टी एंड ड्रग कंट्रोल ने हालिया लैब टेस्टिंग के बाद प्रदेश में बिक रही 7 प्रमुख दवाओं को घटिया घोषित करते हुए उनके विशेष बैच पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। अगर आपके घर में भी बच्चों के सिरप या बुखार-दर्द की गोलियां रखी हैं, तो उन्हें तुरंत चेक कर लें, क्योंकि ये दवाएं फायदे की जगह आपकी सेहत को गंभीर नुकसान पहुंचा सकती हैं।

Cefixime Oral Suspension (LORAXIM Dry Syrup): बच्चों में इन्फेक्शन के लिए इस्तेमाल होने वाला यह सिरप (बैच LXS3-49) मानक पर खरा नहीं उतरा। इसमें सक्रिय तत्व (Assay) की मात्रा सही नहीं पाई गई।

Albendazole Tablets IP: पेट के कीड़ों के लिए उपयोग होने वाली यह दवा (बैच PG124427) 'डिजॉल्यूशन टेस्ट' में फेल हो गई, यानी यह शरीर में सही ढंग से घुलती ही नहीं है।

### Istocuf-LS Drops

खांसी और सांस की तकलीफ के लिए इस्तेमाल होने वाली इन बूंदों (बैच GLF0712B) में रसायनों का मिश्रण मानक के अनुसार नहीं था। Methylprednisolone Tablets

### (Methyloactive-4)

यह दवा (बैच 252005) टेस्ट में सबसे ज्यादा फेल रही। यह न तो शरीर में सही से घुलती है और न ही इसमें दवा की मात्रा सही है।

### Okuff-DX Syrup

खांसी के इस सिरप (बैच TLLM-188) में जरूरी केमिकल की मात्रा तय सीमा से काफी कम मिली।

Cefuroxime Axetil Tablets (EXTENSIVE-500): एंटीबायोटिक के तौर पर दी जाने वाली यह टैबलेट (बैच VT252942) भी टेस्टिंग में फेल हो गई है।

Ciprofloxacin Tablets 500 mg: बुखार और इन्फेक्शन की यह दवा (बैच GT50135) भी मानक से काफी घटिया पाई गई है।

# अकेलेपन में टूट गई थीं मालविका मोहनन



साउथ फिल्म इंडस्ट्री की चर्चित अभिनेत्री मालविका मोहनन अक्सर अपनी फिल्मों और ग्लैमरस अंदाज को लेकर चर्चा में रहती हैं। लेकिन, चमकती दुनिया के पीछे कलाकारों की जिंदगी में कई बार ऐसा अकेलापन भी होता है, जिसके बारे में लोग कम ही जानते हैं। हाल ही में मालविका ने अपने दिल की बात फैंस के साथ साझा की और बताया कि एक समय ऐसा आया था, जब वह अंदर से काफी टूट गई थीं।

उन्होंने बताया कि परिवार और अपनों से दूर रहने की वजह से वह खुद को बेहद अकेला महसूस करने लगी थीं। दरअसल, मालविका मोहनन ने इंस्टाग्राम पर फैंस के साथ 'आस्क मी एनीथिंग' सेशन रखा था। इस दौरान फैंस ने उनसे कई निजी और प्रोफेशनल सवाल पूछे। इसी बीच एक फैन ने उनसे पूछा कि वह आखिरी बार कब रोई थीं?

इस सवाल का जवाब देते हुए मालविका ने कहा, ''पिछले महीने मैं काम के सिलसिले में चेन्नई में थीं। वहां मुझे लंबे समय तक रुकना पड़ा था। मेरी टीम बहुत अच्छी थी और काम भी ठीक चल रहा था, लेकिन लंबे समय तक घर और परिवार से दूर रहने की वजह से मैं धीरे-धीरे अकेलापन महसूस करने लगी थीं।''

उन्होंने कहा, ''दिनभर शूटिंग और काम में व्यस्त रहने के बाद जब मैं रात में अपने होटल के कमरे में लौटती थीं, तो वहां मुझसे बात करने वाला कोई नहीं होता था। यही चीज मुझे अंदर से परेशान करने लगी। मैं मानसिक रूप से काफी उदास थी। लगातार अकेले रहने का असर मेरे मन पर पड़ने लगा था, जिसके वजह से मुझे रोना आता था।''

अपने निजी अनुभव साझा करने के साथ-साथ मालविका ने अपने आने वाले प्रोजेक्ट्स के बारे में भी बात की। उन्होंने बताया कि वह इस समय अभिनेता विजय सेतुपति के साथ एक तमिल फिल्म में काम कर रही हैं। इस फिल्म का निर्देशन त्यागराजन कुमार राजा कर रहे हैं। मालविका ने निर्देशक की तारीफ करते हुए कहा कि वह सबसे बेहतरीन फिल्म निर्माताओं में से एक हैं। मालविका ने बताया कि इस फिल्म का नाम 'पॉकेट नॉवेल' है और यह इसी साल रिलीज होने वाली है। उन्होंने कहा, ''इस प्रोजेक्ट को लेकर मैं बेहद उत्साहित हूं और उम्मीद करती हूं कि दर्शकों को यह फिल्म जरूर पसंद आएगी। इस फिल्म पर काम करना मेरे लिए खास अनुभव रहा है।''

# संघर्ष के दिनों में छोटी-मोटी नौकरियां की, फिर ऐसे बदली किस्मत

टीवी की दुनिया में जब भी कॉमेडी का नाम लिया जाता है, तो कीकू शारदा का चेहरा लोगों के सामने जरूर आता है। कभी 'पलक' बनकर तो कभी 'बंपर' और 'बच्चा यादव' के किरदार में उन्होंने दर्शकों को इतना हंसाया कि लोग उनके स्क्रीन पर आने का इंतजार करने लगे। उनकी कॉमिक टाइमिंग, मजेदार डांस और अलग अंदाज ने उन्हें घर-घर में पहचान दिलाई। आज भले ही कीकू शारदा टीवी और ओटीटी की दुनिया का बड़ा नाम बन चुके हैं, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि एक समय ऐसा भी था, जब उन्हें मुंबई में अपना खर्च चलाने के लिए छोटी-मोटी नौकरियां करनी पड़ी थीं। संघर्ष के उसी दौर ने उन्हें आगे बढ़ने की हिम्मत दी। कीकू शारदा का असली नाम राघवेंद्र अमरनाथ शारदा है। उनका जन्म 14 फरवरी 1975 को राजस्थान के जोधपुर में एक मारवाड़ी परिवार में हुआ था। उनका परिवार चाहता था कि कीकू फैमिली बिजनेस संभालें। लेकिन बचपन से ही उनका मन अभिनय और लोगों को हंसाने में लगता था। स्कूल के दिनों में वह ड्रामा और स्टेज शो में हिस्सा लेते थे। उनकी एक्टिंग को देखकर लोग खूब तालियां बजाते।

# दिल्ली में डायबिटीज के मरीजों और अस्पतालों को चेतावनी, नकली 'माउनजारो' इंजेक्शन के खतरे पर एडवाइजरी जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुरुग्राम में नकली 'माउनजारो' इंजेक्शन के बड़े सिंडिकेट का भंडाफोड़ होने के बाद राष्ट्रीय राजधानी में भी हड़कंप मच गया है। शुरुआती जांच में संकेत मिले हैं कि इन इंजेक्शनों की सप्लाई दिल्ली के थोक दवा बाजार से जुड़ी हो सकती है। इसे लेकर दिल्ली औषधि नियंत्रण विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। विभाग ने मरीजों और अस्पतालों के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए ड्रग निरीक्षकों को थोक बाजारों और आसपास के क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। नकली इंजेक्शनों के दिल्ली कनेक्शन की पड़ताल के लिए विभाग ने संदिग्ध आपूर्तिकर्ताओं की पहचान व खोज अभियान शुरू कर दिया है। साथ ही थोक विक्रेताओं को अपने स्टॉक का मिलान अधिकृत कंपनी के बिल (जीएसटी बिल) से करने को कहा गया है, ताकि किसी भी तरह की गड़बड़ी तुरंत पकड़ में आ सके।

लोगों की जान से जुड़ा है मामला, सिर्फ धोखाधड़ी नहीं

विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह मामला केवल आर्थिक धोखाधड़ी नहीं, बल्कि लोगों की जान से जुड़ा गंभीर खतरा है। माउनजारो जैसे इंजेक्शन को दो से आठ डिग्री सेल्सियस के बीच सुरक्षित रखना अनिवार्य होता है, जबकि नकली नेटवर्क में इसे सामान्य तापमान पर रखा जा रहा था। इससे दवा की गुणवत्ता प्रभावित होकर यह जहरीली भी हो सकती है। बिना वैध लाइसेंस या संदिग्ध दस्तावेजों के ऐसे इंजेक्शन बेचने वालों के खिलाफ औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के तहत कड़ी



कार्रवाई की जाएगी और लाइसेंस रद्द किया जा सकता है।

माउनजारो (टिरज़ेपेटाइड) का उपयोग मुख्य रूप से टाइप-टू डायबिटीज के मरीजों में रक्त शर्करा नियंत्रित करने के लिए किया जाता है। यह इंसुलिन के प्रभाव को बेहतर बनाता है और भूख कम कर वजन घटाने में भी सहायक होता है। हाल में इसका उपयोग मोटापा प्रबंधन में भी चिकित्सकीय निगरानी में किया जा रहा है।

**इन बातों का मरीज रखें ख्याल: भारी छूट सबसे बड़ा संकेत: माउनजारो पर सामान्यत:** 10 प्रतिशत तक ही छूट मिलती है। 25-30 प्रतिशत छूट का प्रस्ताव मिलने पर सतर्क हो जाएं।

**कोल्ड चेन अनिवार्य:** असली इंजेक्शन दो से आठ डिग्री सेल्सियस तापमान में कोल्ड बाक्स में आपूर्ति किया जाता है। इसके बिना मिलने पर संदेह करें।

**पैकेजिंग की जांच करें:** पैकेट पर छपाई, फांट और स्पेलिंग में गड़बड़ी नकली का संकेत हो सकती है। बैच नंबर और एक्सपायरी बॉक्स व पेन (इंजेक्शन) पर एक समान होने चाहिए।

इंजेक्शन पेन की गुणवत्ता: असली पेन स्मूथ होता है और उसका लाक सिस्टम सही ढंग से काम करता है। नकली में लीकेज या खराब प्लास्टिक की समस्या हो सकती है।

**कहां से खरीदें:** ऑनलाइन या अनजान विक्रेता से खरीदने से बचें। केवल अधिकृत भंडारक या अस्पताल की फार्मेसी से ही दवा लें। बिना पक्के जीएसटी बिल के दवा न खरीदें। बिल पर औषधि लाइसेंस नंबर जरूर जांचें। क्यूआर कोड या बारकोड स्कैन कर सत्यापन करें। इंजेक्शन इस्तेमाल से पहले डाक्टर को जरूर दिखाएं।

## प्रीत विहार में पार्किंग के विवाद में हुई हत्या का पांचवां आरोपी गिरफ्तार, लोगों पर रौब झाड़ता था गौरव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्वी दिल्ली के प्रीत विहार इलाके में पार्किंग विवाद में कारोबारी पंकज नय्यर की हत्या में पुलिस ने पांचवें आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान आरुष (18) के रूप में हुई है। हत्या के मुख्य आरोपी गौरव शर्मा का यह दूसरा सौतेला बेटा है। पंकज अपने परिवार के साथ नोएडा में रहते थे। कपड़े का कारोबार था। इनके भाई पारस प्रीत विहार में रहते हैं। पारस का अपने पड़ोसी गौरव शर्मा से कार पार्किंग को लेकर विवाद हुआ था। वारदात वाले दिन विवाद इतना बढ़ गया था कि पारस ने फोन करके अपने भाई पंकज को बुलाया था। गौरव ने अपने दो सौतेले बेटों व दो दोस्तों के साथ मिलकर पंकज को गोली मार दी थी, जिससे उनकी मौत हो गई। वहीं, पुलिस की जांच में सामने आया है कि बीते रविवार देर रात हुआ विवाद करीब 12 दिन पूर्व शुरू हुआ था, जब आरोपी गौरव ने पारस को देख लेने की धमकी दी थी। यही कारण है कि पारस की सूचना पर पंकज तुरंत नोएडा से प्रीत विहार पहुंच गए। स्थानीय निवासी दीपक के अनुसार, आरोपी गौरव अपने पैसे और कारों का रौब झाड़ता था। लगभग चार माह पहले ही वह किराए पर यहां रहने आया था। फ्लैट के साथ उसे एक पार्किंग एलॉट थी, जबकि उसके पास तीन कारें हैं। ऐसे में अक्सर पार्किंग को लेकर उसका विवाद होता रहता था।

## झुलसाने वाली गर्मी का सामना कर रहे दिल्लीवाले, तापमान 42 डिग्री के पार; शुक्रवार से चलेगी लू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बढ़ती गर्मी के बीच बुधवार को दिन भर राजधानी वासी गर्म हवा के थपेड़ों से परेशान रहे। कड़ी धूप और शुष्क हवाओं के चलते लोगों को अब झुलसाने वाली गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। अब यह बात अलग है कि मौसम विभाग का पूर्वानुमान लगातार दूसरे दिन गलत साबित हुआ। लू नहीं चली और येलो अलर्ट भी वापस लेना पड़ गया। बृहस्पतिवार को भी लू चलने के आसार नहीं है। दिल्ली के रिज इलाके अधिकतम तापमान 42.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मालूम हो कि अधिकतम तापमान सामान्य से साढ़े चार डिग्री ज्यादा होने पर ही उसे लू की स्थिति माना जाता है। पहले मौसम विभाग ने मंगलवार के लिए लू का अलर्ट जारी किया था,



लेकिन यह अनुमान भी सटीक साबित नहीं हुआ। बुधवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के समीप तेज धूप में गर्मी से बेहाल होकर सिर पर हाथ रखकर और बैग से बचाव करते हुए जाते यात्री। अब मौसम विभाग का अनुमान है कि शुक्रवार और शनिवार को दिल्ली के अलग–अलग इलाकों में लू की स्थिति बन सकती है। इस दौरान अधिकतम तापमान 44 डिग्री तक पहुंचने की आशंका है। बुधवार को दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में सुबह ही धूप निकल गई थी। दिन चढ़ने के साथ धूप और तेज होती गई। कड़ी धूप के चलते दिन में 11 बजे के बाद घर से बाहर निकले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## दिल्ली में घरेलू सहायिका आधार कार्ड मांगने पर टालती रही, तीसरे दिन डेढ़ करोड़ के जेवर-नकदी लेकर फरार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** घरेलू सहायकों को बिना पुलिस वेरिफिकेशन के रखने से खतरा बढ़ता जा रहा है। दिल्ली में आईआरएस अधिकारी की बेटी की दुष्कर्म के बाद हत्या करने के मामले के बीच एक और मामला उजागर हो गया है। शालीमार बाग क्षेत्र में लगभग छह माह पहले कारोबारी के घर से एक करोड़ रुपये के आभूषण व नकदी चुराने वाली घरेलू सहायिका ने एक और चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। बड़ी बात यह है कि घरवाले उससे आधार कार्ड मांगते रह गए मगर उसने वारदात को अंजाम दे ही दिया। जानकारी के मुताबिक, दो दिन पहले रखी गई यही घरेलू सहायिका करीब डेढ़ करोड़ रुपये मूल्य के जेवरात व नकदी लेकर फरार हो गई थी। शातिर घरेलू सहायिका ने वेरिफिकेशन का मौका भी नहीं दिया था। मकान मालिक आधार कार्ड मांगते रहे, वह भूलने का बहाना बनाकर टालती रही और मौका मिलते ही कीमती सामान समेट कर फरार हो गई। यह महिला इतने शातिर तरीके से चोरी को अंजाम देती है कि आज तक पुलिस के हाथ नहीं आई है। छह महीने पहले हुई एक करोड़ रुपये की चोरी के समय सीसीटीवी कैमरे में आरोपित का चेहरा तक कैद हो गया, लेकिन पुलिस सुराग तक नहीं जुटा पाई। अब दूसरी बार बड़ी चोरी करके फरार हो गई। लोग पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं।

शालीमार बाग स्थित बीक्यू-ब्लॉक में कारोबारी विजयपाल गुप्ता रहते हैं। बीती 19



तारीख को सुबह साढ़े 10 बजे उनकी घरेलू सहायिका अलमारी में रखे आभूषण और नकदी लेकर फरार हो गई। चोरी की घटना की सूचना के बाद पुलिस ने मौके का मुआयना किया और प्राथमिकी दर्जकर आरोपित महिला की तलाश शुरू कर दी है।

प्लास्टिक फैक्ट्री संचालक विजय पाल गुप्ता कि घरेलू सहायिका को दो दिन पहले 17 अप्रैल को रखा था। वेरिफिकेशन के लिए उससे आधार कार्ड मांगा तो कल देने का वादा किया। अगले दिन पूछा तो भूलने का बहाना बनाया। तीसरे दिन सुबह जब वे और उनकी पत्नी पूजा कर रहे थे, तभी अलमारी खोलकर सोने के आभूषण व 4-5 लाख रुपये नकद लेकर गायब हो गई। आभूषण की कीमत अनुमानित डेढ़ करोड़ रुपये है। उन्होंने बताया कि अलमारी का ताला खोलने के लिए वह स्क्रू ड्राइवर साथ लेकर आई थी। महिला ने अपना नाम अनीता बताया था और उसकी उम्र लगभग 35 वर्ष है।

इसी घरेलू सहायिका ने पिछले साल अक्टूबर माह में शालीमार बाग के बीएम-ब्लाक में कारोबारी जयभगवान गर्ग के घर से करीब 50 लाख रुपये नकद व 50 लाख रुपये मूल्य के सोने के आभूषण चुराए थे। जयभगवान गर्ग ने बताया कि जिस तरीके से विजय पाल गुप्ता के घर चोरी की है, ठीक उसी तरह से उनके यहां भी इसी महिला ने चोरी की थी। इस महिला को कहीं से पता लग गया कि उनके यहां घरेलू सहायिका की जरूरत है। उसने अपना नाम अनीता बताया और आधार कार्ड मांगने पर कल लाने की बात कही। दूसरे दिन भी नहीं लेकर आई और तीसरे दिन चोरी करके फरार हो गई। इस बारे में पुलिस में मामला दर्ज कराया, लेकिन आज तक पुलिस उसे पकड़ नहीं पाई। वहीं, मंदिर के पास सीसीटीवी कैमरे में उसका फोटो भी मिल गया, जिसमें महिला चेहरा साफ दिखाई दे रहा है। पुलिस ने दौड़-धूप तो काफी की, लेकिन सुराग नहीं लगा पाई। अब इसी महिला ने उनके जानकार (विजयपाल गुप्ता) के यहां चोरी की।


## ईरान से तनाव के बीच अमेरिकी नौसेना सचिव जॉन फेलन ने अचानक छोड़ा पद, हंग काओ बने कार्यवाहक सचिव

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच पेंटागन ने बुधवार को अचानक घोषणा की कि नौसेना सचिव जॉन फेलन अपना पद छोड़ रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में किसी सैन्य सेवा के प्रमुख का यह पहला इस्तीफा है। हालांकि, रक्षा विभाग में पिछले कुछ समय से कई बड़े अधिकारियों को हटाया जा रहा है। फेलन के अचानक हटने का कोई कारण नहीं बताया गया है। यह फैसला ऐसे समय आया है जब अमेरिकी नौसेना ने ईरानी बंदरगाहों की घेराबंदी कर रखी है और दुनिया भर में तेहरान से जुड़े जहाजों को निशाना बना रही है। अब ट्रंप के करीबी और अंडरसेक्रेटरी हंग काओ नौसेना के कार्यवाहक सचिव की जिम्मेदारी संभालेंगे। काओ नौसेना में 25 साल तक रहे हैं और उनके पास युद्ध का अनुभव भी हैं। फेलन का पद से हटना पेंटागन के शीर्ष नेतृत्व में फेरबदल की एक लंबी कड़ी का हिस्सा हो सकता है। कुछ हफ्ते पहले ही रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सेना के शीर्ष अधिकारी जनरल रैंडी जॉर्ज को पद से हटा दिया था। हेगसेथ ने पिछले साल पद संभालने के बाद से कई जनरलों और एडमिरलों को हटाया है। इनमें एडमिरल लीसा फ्रेंचेती और जनरल जिम स्लाइफ भी शामिल हैं। ट्रंप ने जनरल चार्ल्स सीक्यू ब्राउन जूनियर को भी उनके पद से हटा दिया है। फेलन का इस्तीफा बहुत चौंकाने वाला है। उन्होंने मंगलवार को ही वाशिंगटन में नौसेना के एक सम्मेलन में हिस्सा लिया था। वहां उन्होंने पत्रकारों से अपने एजेंडे पर बात की थी। उन्होंने सांसदों के साथ बजट और नए जहाज बनाने की कोशिशों पर भी चर्चा की थी। हालांकि, पेंटागन के प्रवक्ता शॉन पार्नेल ने बताया कि फेलन तुरंत अपना पद छोड़ रहे हैं। बता दें कि फेलन ने पहले कभी सेना में काम नहीं किया था। उन्हें नौसेना में बड़े बदलाव करने के लिए लाया गया था। वे एक निजी निवेश कंपनी के संस्थापक भी रहे हैं। फेलन ऐसे समय में जा रहे हैं जब नौसेना बहुत व्यस्त है।

## अमेरिका के तीन राष्ट्रपतियों ने नेतन्याहू के वॉर प्लान को ठुकराया, लेकिन ट्रंप मान गए; पूर्व विदेश मंत्री का दावा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** पूर्व विदेश मंत्री जॉन केरी ने कहा कि इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिका के पूर्व राष्टपतियों को भी ईरान के साथ युद्ध का प्रस्ताव दिया था, लेकिन उन सभी ने इसे ठुकरा दिया था। द लेट शो विद स्टीफन कोलबर्ट में बोलते हुए केरी ने कहा, ओबामा ने मना कर दिया। बुश ने मना कर दिया। राष्टपति बाइडेन ने मना कर दिया। मेरा मतलब है, मैं उन बातचीत का हिस्सा था।

**ईरान के साथ युद्ध पर सहमत नहीं थे ओबामा, बुश और बाइडेन:** अमेरिका के पूर्व अधिकारी ने कहा कि अमेरिका के पिछले राष्टपति ईरान के साथ युद्ध करने पर सहमत नहीं हुए, क्योंकि उन्होंने शांतिपूर्ण प्रक्रिया के सभी उपायों को पूरी तरह से नहीं आजमाया था। उन्होंने तर्क दिया कि वियतनाम और इराक दोनों ही युद्धों से एक साझा सबक मिलता है। एक ऐसा सबक जिसे वे वियतनाम युद्ध के अनुभवी सैनिक के तौर पर प्रत्यक्ष रूप से जानते हैं और वह यह है कि अमेरिकी जनता को धोखा नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा, और वियतनाम युद्ध के एक अनुभवी सैनिक के तौर पर जहां इस तरह के फैसले बेहद अहम होते थे, हमसे इस बारे में झूठ बोला गया था कि वह युद्ध किस बारे में था और उस युद्ध तथा इराक युद्ध से मिला सबक यह है कि अमेरिकी लोगों



से झूठ न बोलें और फिर उनसे अपने बेटों और बेटियों को लड़ने के लिए भेजने को न कहें। ईरान ने शेयर किया वीडियो केरी की यह क्लिप शेयर करते हुए, ईरान के प्रेस टीवी ने लिखा, अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री जॉन केरी का कहना है कि इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने राष्टपति ओबामा, बुश और बाइडेन के सामने ईरान पर युद्ध छेड़ने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन उन सभी ने इसे ठुकरा दिया। उनका अनुमान था कि इससे सत्ता परिवर्तन होगा और लोग विद्रोह कर देंगे, लेकिन हमने देखा कि ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। नेतन्याहू ने ट्रंप को कैसे किया राजी? बताया गया है कि कैसे नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्टपति डोनल्ड ट्रंप को इजरायल के साथ मिलकर ईरान पर हमला करने के लिए राजी किया।

# बदले की सियासत का जाल

## बांग्लादेश के लोकतंत्र पर मंडराता खतरा

बांग्लादेश की राजनीति इन दिनों एक ऐसे दौर से गुजर रही है, जहां सत्ता और लोकतंत्र के बीच संतुलन पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। हालिया संशोधन ने इस बहस को और तेज कर दिया है कि क्या देश में लोकतांत्रिक संस्थाएं मजबूत हो रही हैं या उन्हें कमजोर करने की दिशा में कदम बढ़ाए जा रहे हैं।

### संशोधन या सियासी हथियार?

किसी भी लोकतंत्र में कानून और संशोधन जनता के हित और व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए होते हैं। लेकिन जब इन्हें राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को घेरने या दबाने के औजार के रूप में देखा जाने लगे, तो यह चिंता का विषय बन जाता है। बांग्लादेश में मौजूदा हालात इसी दिशा की ओर इशारा करते हैं।

### संस्थाओं पर बढ़ता दबाव

लोकतंत्र की मजबूती उसकी संस्थाओं-न्यायपालिका, प्रशासन और स्वतंत्र निकायों-पर निर्भर करती है। यदि इन संस्थाओं पर राजनीतिक प्रभाव बढ़ता है, तो निष्पक्षता और पारदर्शिता प्रभावित होती है। यही स्थिति धीरे-धीरे जनता के भरोसे को कमजोर करती है।

### विपक्ष की भूमिका पर सवाल

एक स्वस्थ लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष जरूरी होता है, जो सत्ता को जवाबदेह बनाए रखता है। लेकिन यदि नीतियां और संशोधन ऐसे हों, जो विपक्ष की भूमिका को सीमित कर दें, तो



लोकतांत्रिक संतुलन बिगड़ना तय है।

### अंतरराष्ट्रीय छवि पर असर

आज के वैश्विक दौर में किसी भी देश की आंतरिक राजनीति उसकी अंतरराष्ट्रीय छवि को प्रभावित करती है। यदि लोकतांत्रिक मूल्यों पर सवाल उठते हैं, तो इसका असर निवेश, कूटनीति और वैश्विक संबंधों पर भी पड़ता है।


### संवाद ही समाधान

बांग्लादेश के सामने आज सबसे बड़ी जरूरत है-संवाद और सहमति की राजनीति। लोकतंत्र की असली ताकत असहमति को दबाने में नहीं, बल्कि उसे सुनने और स्वीकार करने में है। अगर राजनीतिक फैसले बदले की भावना से ऊपर उठकर लिए जाएं, तभी बांग्लादेश एक मजबूत और संतुलित लोकतंत्र की ओर बढ़ सकेगा।

# शुभ मुहूर्त में खुले बद्रीनाथ मंदिर के कपाट, भक्तों की उमड़ी आस्था



उत्तराखंड के पवित्र धाम बद्रीनाथ मंदिर के कपाट आज विधिवत शुभ मुहूर्त में श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। इस खास अवसर पर मंदिर को करीब 25 क्विंटल फूलों से भव्य रूप से सजाया गया, जिससे पूरा धाम फूलों की सुगंध और रंगों से महक उठा। सुबह से ही हजारों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में जुटने लगे थे। जैसे ही कपाट खुले, "जय बद्री विशाल" के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। भक्तों ने भगवान भगवान बद्रीनाथ के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर के मुख्य पुजारी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार और विशेष पूजा-अर्चना के साथ कपाट खोलने की परंपरा निभाई गई। प्रशासन ने भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं। चारधाम यात्रा के प्रमुख पड़ाव चारधाम यात्रा की शुरुआत के साथ ही अब उत्तराखंड में धार्मिक पर्यटन को भी गति मिलने की उम्मीद है। बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ ही देशभर से श्रद्धालुओं का आना लगातार बढ़ेगा।




# "गैस संकट पर बिहार सरकार का 'कोयला प्लान'

## रसोई तक पहुंचेगा विकल्प, राशन कार्ड पर हर महीने मिलेगा एक क्विंटल ईंधन"

बिहार के रोहतास जिले से एक ऐसा फैसला सामने आया है, जिसने आम लोगों की रसोई और ऊर्जा व्यवस्था को लेकर नई बहस छेड़ दी है। वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव, खासकर ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच चल रहे संघर्ष के कारण ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला पर असर पड़ा है, जिसका सीधा प्रभाव अब घरेलू गैस सिलेंडर की उपलब्धता पर दिखने लगा है। इस संकट से निपटने के लिए राज्य सरकार ने एक बड़ा और असामान्य कदम उठाते हुए खाना पकाने के लिए कोयले को वैकल्पिक ईंधन के रूप में उपलब्ध कराने की योजना बनाई है। सरकार के इस निर्णय के तहत राशन कार्डधारी परिवारों को हर महीने एक क्विंटल कोयला उपलब्ध कराया जाएगा। यह कोयला सार्वजनिक वितरण प्रणाली यानी राशन दुकानों के माध्यम से वितरित किया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य गैस सिलेंडर की कमी से जूझ रहे परिवारों को तत्काल राहत देना है, ताकि उनकी रसोई प्रभावित न हो और भोजन बनाने की प्रक्रिया निर्बाध रूप से चलती रहे।

राज्य सरकार ने इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं और पूरी सप्लाई चेन को सक्रिय करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा गया है कि कोयले की आपूर्ति में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए और यह सुनिश्चित किया जाए कि जरूरतमंद परिवारों तक समय पर ईंधन पहुंचे। यह व्यवस्था विशेष रूप से उन परिवारों के लिए लागू की गई है, जो राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के तहत आते हैं और जिनके पास राशन कार्ड है। हालांकि, जिन लोगों के पास राशन कार्ड नहीं हैं, उनके लिए इस योजना में अभी कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं किया गया है, जिससे इस वर्ग में कुछ असमंजस की स्थिति भी बनी हुई है। सरकार ने इस योजना को लागू करने के लिए आपदा प्रबंधन कानून 2005 के प्रावधानों का सहारा लिया है। इसका मतलब यह है कि मौजूदा स्थिति को एक तरह की आपात स्थिति मानते हुए त्वरित और प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। प्रशासन का मानना है कि यदि गैस की आपूर्ति लंबे समय तक प्रभावित रहती है, तो इससे आम जनजीवन पर गंभीर असर पड़ सकता है, इसलिए वैकल्पिक ईंधन की व्यवस्था करना जरूरी हो गया है। कोयले की सप्लाई को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए एक विस्तृत तंत्र तैयार किया गया है। इस प्रक्रिया में बिहार स्टेट माइनिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड की अहम भूमिका तय की गई है, जो कोल हेड से जिला मुख्यालय तक कोयले के उठाव, परिवहन और आपूर्ति की जिम्मेदारी निभाएगी। इसके अलावा, राज्य के खनन विभाग के माध्यम से कैनालाइजिंग एजेंट की भूमिका भी तय की गई है, ताकि पूरी प्रक्रिया में समन्वय बना रहे और किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो।

थोक विक्रेताओं के जरिए कोयले को जिला मुख्यालयों तक पहुंचाया जाएगा, जहां से इसे आगे राशन दुकानों के माध्यम से लाभार्थियों तक वितरित किया जाएगा। इस पूरी सप्लाई चेन को इस तरह डिजाइन किया गया है कि कोयले की उपलब्धता लगातार बनी रहे और किसी भी स्तर पर कमी की स्थिति उत्पन्न न हो।